## संक्षिप्त

### मेधावी विद्यार्थियों को मिले टेबलेट

**सांभरझील।** राज्य सरकार की मेधावी विद्यार्थियों को टेबलेट योजनांतर्गत स्टेट मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले पीएम श्री दरबार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पांच विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इसके अंतर्गत कक्षा 10 की तीन मेधावी छात्रा स्नेहा ढाका, मान्या अग्रवाल व दिव्या पारीक एवं कक्षा 12 (कलां) के दो छात्र अविनाश कनोजिया व युवराज सैनी को प्रधानाचार्य टीकम चंद मालाकार और उप प्रधानाचार्य ओमप्रकाश जांगिड ने समस्त स्टाफ की उपस्थिति में टेबलेट, सिम और चार्जर प्रदान किए। प्रिंसिपल मालाकार ने बताया कि राज्य सरकार की मंशानुरूप इन मेधावी विद्यार्थियों को आगामी आधुनिक शिक्षण प्रणाली का पूरा लाभ मिल सकेगा।

### रंगोली सजाई

**राजगढ़।** कस्बे के कल्पना चावला पीजी गर्ल्स कॉलेज में को राष्ट्रीय सेवा योजना की विशेष शिविर समापन उत्साह एवं उल्लास के साथ हुआ। समापन के अवसर पर स्वयंसेवी छात्राओं ने रंगोली सजाई एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान कार्यक्रमों में विजेता छात्राओं को पारितोषिक प्रदान किए गए। पोस्टर प्रतियोगिता में तनुश्री प्रथम, मेहंदी प्रतियोगिता में गोरा प्रजापत, पूजा थाली सजावट प्रतियोगिता में भागंती एवं अर्चना मीणा प्रथम,वाद विवाद प्रतियोगिता में हिमांशी शर्मा,प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रानी बैरवा एवं सुमन महावर प्रथम रही। विजेताओं को पारितोषिक प्रदान किए गए। डॉ सावित्री सिंह, शिवकुमार शर्मा, मोहनलाल गुप्ता एवं स्टाफ के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### ज्ञापन सौंपा

**निवाई ।** राजीव गांधी सेवा केंद्र के सामने व खेड़ा रोड़ पर पानी की निकासी नहीं होने से कीचडय़ुक्त पानी सडक़ पर फैलने से गड्ढे हो गए हैं। उन्हीं गड्ढे में पानी भरने से गड्ढों का पता नहीं चलता है जिससे स्कूल जाने वाले बच्चे व राहगीर गड्ढों में गिर जाते हैं। विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव को ज्ञापन सौंपकर उक्त समस्या का समाधान करने की मांग की है। जिस पर विकास अधिकारी यादव ने तुरंत ग्राम विकास अधिकारी गिरधर सिंह को फोन करके पानी की निकासी करवाने के निदेश दिए। इसी प्रकार विकास अधिकारी यादव ने पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन, एईएन व जेईएन से भीचर्चा करके उक्त समस्या का समाधान करवाने के लिए निर्देशित किया।

### बच्चों को गर्म वस्त्र वितरण किये

**राजगढ़ ।** कस्बे के मालाखेड़ा गेट स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में खंडेलवाल महिला समिति की ओर से जरूरतमंद बच्चों के लिए गुरुवार को गर्म वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# खेल उत्सव के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी प्रतिभाओं को आगे लाना हैं : भूपेंद्र यादव

**बहरोड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर खेलो इंडिया के तहत अलवर सांसद खेल उत्सव की शुरुआत गुरुवार को अलवर संसदीय क्षेत्र के 10 खेल मैदानों पर क्रिकेट प्रतियोगिता के साथ की गई। अलवर सांसद व केंद्र सरकार में मंत्री भूपेंद्र यादव ने बहरोड़ केआर.पी.एसइंटरनेशनल स्कूल, नीमराणा के राठ इंटरनेशनल स्कूल और भिवाड़ी केएस.एसक्रिकेट अकादमी में फीता काटकर और गुब्बारे उड़ाकर की तो वही अलवर में राजस्थान सरकार में वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री अलवर शहर विधायक संजय शर्मा व खैरथल में पूर्व विधायक रामहेत यादव ने की।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने बहरोड़ केआर.पी.एसइंटरनेशनल स्कूल के खेल मैदान पहुंचकर मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत सांसद खेल उत्सव की शुरुआत की। इसके बाद यादव ने क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग ले रही सभी टीमों के खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने बहरोड़ ब्लॉक से प्रतियोगिता में खेलने वाली प्रथम दोनों टीमों के कप्तानों के साथ टॉस कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

बहरोड में अलवर सांसद खेल उत्सव का शुभारंभ करते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव बहरोड़ विधायक डॉ जसवंत यादव।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिये अलवर में सांसद खेल उत्सव आयोजन किया जा रहा है। इस उत्सव के अंतर्गत जिले में दो चरणों में खेल आयोजित किए जा रहे हैं, पहले चरण में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, अलवर उत्तर-अलवर दक्षिण का संगठनात्मक फाइनल मैच 7, 8 और 9 फरवरी को अलवर में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 340 टीमों के रजिस्ट्रेशन किए गए हैं, जिनमें 34 टीम लड़कियों की हैं। उन्होंने कहा की क्रिकेट प्रतियोगिता में 4000 बच्चों का रजिस्ट्रेशन हुआ है।10,000 बच्चे पोजेटिव एनर्जी के साथ खेलने के लिए हमसे जुड़ रहे हैं।

- **340 टीमों में 34 टीम में लड़कियों की टीम ने कराया रजिस्ट्रेशन 4000 खिलाड़ी लेंगे भाग**

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेता टीमों को श्रेष्ठ पुरस्कार दिए जाएंगे और यहां पर जो खिलाड़ी चुने जाएंगे उनकी प्रोफेशनल ट्रेनिंग कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि गर्मियों में विद्यार्थियों की परीक्षा खत्म होने पर गांवों में खेल कैंप लगाए जाएंगे जिससे कि युवा टीवी, मीडिया से थोड़ा दूर रहकर खेलों के प्रति उनकी रुचि बढ़ा सकें।

बहरोड में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अलवर जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, बहरोड़ विधायक डॉ जसवंत यादव, पूर्व विधायक मंजीत धर्मपाल चौधरी, जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष मोहित यादव, प्रधान सरोज यादव, नगर परिषद सभापति सीताराम यादव, भाजपा नेत्री अंजली यादव, वी शक्ति फाउंडेशन से प्रज्ञा यादव सहित अनेक गणमान्य लोग और खिलाड़ी मौजूद रहे।

## क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

**मनोहरपुर।** कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने मनोहरपुर के होद की पाल स्टेडियम में क्रिकेट महाकुंभ प्रतियोगिता का उद्घाटन किया क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन अजय गुर्जर, राहुल गुर्जर व महेश गुर्जर द्वारा किया गया, जिसमे कई टीमे शामिल होंगी।

क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 1100 रुपये, प्रथम विजेता को 21 हजार व द्वितीय विजेता को 11 हजार रुपये इनाम व ट्रॉफ़ी दी जाएगी। उद्घाटन मैच लाखनी क्लब व डीपीसी क्लब के बीच हुआ जिसमे डीपीसी क्लब विजेता रही। विधायक यादव ने कहा कि नियमित रूप से खेलने पर बच्चों में स्किल डेवलेपमेंट देखने को मिलता है. जिससे न सिर्फ बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ने लगता है बल्कि बच्चे फिजिकली फिट रहने के साथ ही मानसिक रूप से भी स्ट्रांग रहते हैं। कार्यक्रम में प्रवीण व्यास सचिव पीसीसी, ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल सैनी, पूर्व सरपंच अर्जुन मोहनपुरिया, आलादिन खान, आदिल खान , रवि कीलादार, रवि कुमार मीणा प्रदेश सचिव राजस्थान युवा कांग्रेस, कैलाश गुर्जर, राकेश हलकारा, महेश, विजेंद्र प्रजापत पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष धूलेश्वर कॉलेज, ओमप्रकाश बागड़ी, राजेश पारीक, पंकज मिश्रा, बनवारी, कालूराम, सत्तार खान, विष्णु हरितवाल, विक्रम धोलीवाल व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## निंबध प्रतियोगिता का आयोजन

**श्रीमाधोपुर।** श्री राम कॉलेज में गुरुवार कोमहाविद्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर के छठवें दिवस पर महाविद्यालय निदेशक दामोदर कटारिया की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुदर्शन सैनी के नेतृत्व में महाविद्यालय में निबंध व मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागी नितेश निठारवाल प्रथम स्थान दिनेश कुमार सैनी द्वितीय स्थान व रेणुका सैनी ने तृतीय स्थान स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभागी ग्रुप लक्ष्मी बाई ग्रुप के प्रतिभागी नितेश रेणुका पिंकी सैनी कविता सैनी प्रथम स्थान, ज्योतिबा फुले ग्रुप वर्षा सैनी ज्योति सैनी पूजा पूनम सैनी द्वितीय स्थान पर रहे।

## धार्मिक स्थल पर भ्रमण के साथ एन. एस. एस. शिविर सम्पन्न

**श्रीमाधोपुर ।** कस्बे की एसबीएन महाविद्यालय में एनएसएस के सात दिवसीय कैंप का समापन गुरुवार को हुआ।एनएसएस स्वयंसेवकों ने भ्रमण हेतु गणेश्वर ,तपकेश्वर महादेव धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर अरावली की सुंदर प्राकृतिक पहाड़ियों का अवलोकन किया। भ्रमण दल को निदेशक डॉ. मुकेश कुमार बल्डवाल, सचिव इंजीनियर प्रदीप धायल प्राचार्य डॉ. एसके जाट एसबीएन साइंस स्कूल प्राचार्य सागरमल चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा इसी के तहत स्वयंसेवकों ने गणेश्वर्धाम पहुँच कर धार्मिक स्थल के महत्व को जाना। मोनिका शर्मा ने बताया कि गणेश्वर और सभ्यता का उत्खनन हुआ। जिसे ताम्बा सभ्यता की जननी कहा गया है। यहां से प्राप्त उपकरण और पुरातात्विक औजार 99 शुद्ध तांबे से निर्मित है हड़प्पा सभ्यता को तांबे की आपूर्ति इसी स्थल से होती थी, सहायक आचार्य बनवारी लाल जीतरवाल ने बताया कि गणेश्वर धाम में एक गर्म पानी का स्त्रोत अवस्थित है जिसमें वर्ष भर गर्म पानी रहता है लोगों की मान्यता है इस जल के उपयोग से चर्म रोग ठीक हो जाते हैं तथा यह तीर्थ स्थल के रूप में भी प्रसिद्ध है। इसी समय स्वयंसेवकों को टपकेश्वर महादेव के प्राचीन मंदिर का अवलोकन करवाया गया। स्वयंसेवको ने यहां उत्साह से मंदिर के दर्शन कर मंदिर परिसर में श्रमदान किया। एनएसएस वॉलिंटियर्स ने स्वयं स्वादिष्ट भोजन बनाया तथा आपसी भाईचारे व सद्भावना का संदेश देते हुए भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर राजेंद्र वर्मा, प्रवीण शर्मा, जितेंद्र निठारवाल, स्कूल कोऑर्डिनेटर मुकेश गोस्वामी ,अंतिमा शर्मा, अनीता दुसाद, ज्योत्सना स्वामी, कृष्ण बिजारणिया, राजेंद्र बिजरनिया, ओमप्रकाश वर्मा ,झाबर मल, धर्मेंद्र जीतरवाल ,ललित सैनी, अनीश बंसल, कमलेश सैनी इत्यादि उपस्थित रहे।

## कृषि विभाग ने फसलों को शीतलहर से बचाने के लिए जारी की एडवाइजरी

**टोंक।** कृषि विभाग ने किसानों को शीतलहर व पाले से फसलों को होने वाले संभावित नुकसान के लिए एडवाइजरी जारी की है, ताकि किसान सतर्क रहकर फसलों की सुरक्षा कर सके। पाले के प्रभाव से पौधों की पत्तियां व फूल झुलसकर झड जाते है एवं पौधों की फलियों-वालियों में दाने बनते नहीं हैं या सिकुड़ जाते हैं। रबी की फसलों में फूल व बालियों के समय पाला पड़ने पर सर्वाधिक नुकसान की संभावना रहती है। फसलों को पाले से बचाने के लिए गंधक के तेजाब का 0.1 प्रतिशत अर्थात एक हजार लीटर पानी में एक लीटर सांद्र गंधक का तेजाब का घोल तैयार कर फसलों पर छिड़काव करें अथवा घुलनशील गंधक के 0.2 प्रतिशत घोल का छिड़काव भी कर सकते हैं।

नकदी सब्जी वाली फसलों में भूमि के तापमान को कम होने से बचाने के लिए फसलों को टाट, पॉलिथिन अथवा भूसे से ढक देना चाहिए। पाले के दिनों में फसलों में सिंचाई करने से भी पाले का असर कम होता है तथा पाले के स्थाई समाधान के लिए खेतों की उत्तर-पश्चिम दिशा में मेडों पर घने ऊंचे वृक्ष लगायें। जब आसमान साफ हो, हवा न चल रही है और तापमान काफी कम हो जाये तब पाला पडने की संभावना बढ़ जाती है। दिन के समय दोपहर में पहले ठंडी हवा चल रही हो व हवा का तापमान अत्यंत कम होने लग जाये और दोपहर बाद अचानक हवा चलना बंद हो जाए तब पाला पडने की आशंका बढ जाती है।

पाले के कारण पौधों की कोशिकाओं में उपस्थित जल जमने से कोशिका भित्ति फट जाती है, जिससे पौधों की पत्तियां, कोंपलें, फूल एवं फल क्षतिग्रस्त हो जाते है। इस समय कृषकों को सतर्क रहकर फसलों की सुरक्षा के उपाय अपनाने चाहिये। पाला पड़ने के लक्षण सर्वप्रथम आक आदि वनस्पतियों पर दिखाई देते है। सर्दी के दिनों में जिस रोज दोपहर से पहले ठंडी हवा चलती रहे एवं हवा का तापमान जमाव बिंदु से नीचे गिर जाये। दोपहर बाद अचानक हवा चलना बंद हो जाये तथा आसमान साफ रहे या उस दिन आधी रात से ही हवा रूक जाये तो पाला पड़ने की संभावना अधिक रहती है। रात को विशेषकर तीसरे एवं चौथे प्रहर में पाला पड़ने की संभावना रहती है।

साधारणतया तापमान चाहे कितना ही नीचे चला जाये, यदि शीत लहर हवा के रूप में चलती रहे तो कोई नुकसान नहीं होता है। परंतु यही इसी बीच हवा चलना रूक जाये तथा आसमान साफ हो तो पाला पड़ता है।

## कलक्टर ने आमजन से लिया सरकार की योजनाओं के लाभ का फीडबैक

**अलवर ।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज रामगढ क्षेत्रा का दौरा कर चारागाह, जोहड विकास कार्य, स्कूल, आंगनबाडी केंद्र व सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने उपखण्ड क्षेत्रा रामगढ के ग्राम बगड़ राजपूत में नरेगा द्वारा किए जा रहे चारागाह विकास एवं जोहड विकास कार्य का निरीक्षण कर बीडीओ को निर्देश दिये कि इन कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्तायुक्त सामग्री का उपयोग करें। उन्होंने निर्देश दिये कि चारागाह विकास के कार्य इस प्रकार पूर्ण करावे कि यह लम्बे समय तक उपयोगी साबित होवे। साथ ही जोहड को मॉडल जोहड बनवाए। उन्होंने नोगांवा के पास खुशपुरी स्थित दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे के प्रस्तावित कट का मौका निरीक्षण किया तथा पणियाला बडौदामेव हाईवे के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

**उपखण्ड कार्यालय का किया निरीक्षण:-**उन्होंने उपखण्ड कार्यालय रामगढ का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत उपखण्ड स्तर पर आयोजित जनसुनवाई एवं सम्पर्क पोर्टल पर आने वाली आमजन की परिवेदनाओं का गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में निस्तारण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि कार्यालय में मरम्मत आदि के प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने निर्देश दिये कि रजिस्टर, पत्रावलियां आदि का नियमित रूप से संधारण करे। कार्यालय में ई-वर्क को अपनाते हुए ई-पेपर का यूज करें।

- **आंगनबाडी केंद्र व सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये**

**बैठक लेकर दिए दिशा-निर्देश:-** जिला कलक्टर ने उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिये कि आपसी समन्वय रखते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रगतिरत विकास कार्यों को पूरा करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखे। उन्होंने निर्देश दिये कि नरेगा के तहत एमपी, एमएलए लेड के तहत विकास कार्यों को तय समय पर शुरू कराकर उन्हें गुणवत्ता के साथ पूर्ण करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन कराकर पात्रा व्यक्तियों को लाभांवित करावे। साथ ही इन योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग भी करें। नियमित रूप से जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं का निराकरण करें। साथ ही परिवेदनाओं के निस्तारण के साथ फरियादियों के संतुष्टि स्तर को बढाए।

**जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना:-** उन्होंने उपखण्ड कार्यालय रामगढ में आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित किया कि फरियादियों की परिवेदनाओं का त्वरित निराकरण कर उन्हें सूचित करें। साथ ही सुनिश्चित करें कि फरियादियों को कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पडे। उन्होंने आमजन से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं में लाभ का फीडबैक लेते हुए कहा कि अपने आसपास के लोगों को इन योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें भी इन योजनाओं से लाभांवित करावे।

## सड़क खराब होने के कारण चालक और राहगीर परेशान

**चाकसू।** कस्बा क्षेत्र सहित जिला मुख्यालय को बाहरी मार्गों से जोड़ने वाली सड़कों की हालत खस्ताहाल बनी हुई है। ऐसी स्थिति वाहन चालकों के लिए भी किसी परेशानी से कम नहीं है। कस्बा हो या फिर ग्रामीण अंचलों की सड़कें, हर जगह हालात खराब होने के कारण हादसों का खतरा बना रहता है। एक तरफ सरकार तेजी के साथ सडको का जाल बिछा रही है साथ ही पुराने सडको को नये सिरे से बनाकर चौड़ा कर रहे है लेकिन दूसरी ओर चाकसू मे निमोडिया रोड के चौड़ीकरण एवं बरसाती पानी के सुगम निकास की मांग ग्रामीण सालों से कर रहे है उसके बाद भी उस सडक की हालात वैसी की वैसी ही बनी हुई है। इस सडक से रोजाना सैंकडो गाड़िया गुजरती है क्योंकि उपरोक्त सड़क कस्बे सहित सीधे टोंक रोड बाईपास हाईवे से लेकर सैकड़ो गांव ढाणियों को जोड़ती है।

यहां से हजारों लोगों का आवागमन दिनभर होता है। बरसात के दिनों में उपरोक्त सड़क से आवागमन दुश्वार होता है क्योंकि पानी निकासी के उचित इंतजाम नहीं होने के चलते सड़क पर जगह-जगह गहरा जल भराव हो जाता है जिससे आवागमन कुछ समय के लिए बंद भी हो जाता है इसके साथ ही जगह-जगह से बरसात का पानी सड़क को बहा ले जाता है गांव की सड़क काफी तंग है। जब भी कोई ट्रक या स्कूल बस जाती है तो दूसरे वाहन के निकलने का रास्ता नहीं रहता।

- **ग्रामीणों ने बताया कि गांव मे हर रोज दर्जनों की संख्या मे स्कूली बसें आती है। जिस कारण इस सड़क पर हादसे का हर समय हादसे का भय बना रहता है**

ग्रामीणों ने बताया कि गांव मे हर रोज दर्जनों की संख्या मे स्कूली बसें आती है। जिस कारण इस सड़क पर हादसे का वह हर समय हादसे का भय बना रहता है। ग्रामीणों की माने तो शासन प्रशासन लोगो की जान के साथ खिलवाड कर रहे है, सालों से ग्रामीणो की मांग को तवज्जो देना शासन प्रशासन मुनासिब नही समझ रहे है ऐसे में अब ग्रामीण शासन के कार्यशैली को लेकर सवाल उठा रहे है। सड़क को चौड़ा नहीं करना सरकार के विकास के दावों की पोल खोल रहा है।

## जनता के बीच पहुंचे विधायक कुलदीप धनकड़, लोगों की सुनी समस्याएं

**पावटा।** प्रदेश प्रवक्ता भाजपा राजस्थान व विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने आपका सेवक-आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत विराटनगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत ढाणी मालनवाली से किया। विधायक धनकड विराटनगर के मोहल्ला सराय, आज़ाद पार्क, कान्हा रेस्टोरेंट, ढाणी बिहारी सागर, ढाणी मालला, ढाणी झझारावाला, ढाणी अठवाला, ढाणी वन की, ढाणी खातीवाला, बोडिया की ढाणी, किला ओमप्रकाश सैनी की दुकान के पास, ढाणी ईशरवाला मदन कुम्हार की दुकान के पास, कुड़ी मानुवाला, मेहन्दोला विशम्भर सैनी के मकान के पास, जोशियाला भैरू भठोड, ढाणी भींडवाली का सघन दौरा किया। इस दौरान विधायक धनकड ने जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनीं और जनोपयोगी विकास योजनाओं को चिह्नित किया। इसी क्रम में ग्रामीणों की शिकायत पर जिनके निपटारे हेतु आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन लाभुकों को दिया गया। इस संबंध में विधायक ने विभागीय अधिकारियों से टेलीफोन पर वार्ता कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस मौके पर स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया। एक साल पूरे होने पर राज्य सरकार ने बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, ग्रामीण और शहरी विकास, परिवहन और उद्योग समेत विभिन्न क्षेत्रों में कई उपलब्धियां गिनाई। इस दौरान विधायक धनकड ने कहा कि जो पांच साल सेवा करने का मौका जनता ने दिया है उसमें विराटनगर विधानसभा का भरपूर विकास करवाकर जनता कि अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा। जनता के भरपूर समर्थन की बदौलत वह विधानसभा पहुंचे हैं और लगातार जनता के बीच में पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। गांव-गांव जाकर कार्यक्रम आयोजित करने के पीछे का मकसद हर फरियादी तक पहुंचकर उसकी समस्या सुनना व समाधान करना है। ताकि जनता और विधायक के बीच कोई दूरी न रहे।

विधायक धनकड ने आपका सेवक-आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत विराटनगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत ढाणी मालनवाली से किया।

- **कार्यक्रम का मकसद हर फरियादी तक पहुंचकर उसकी समस्या सुनना व समाधान करना है ताकि जनता और विधायक के बीच कोई दूरी न रहे : विधायक धनकड**

## वीर बाल दिवस मनाया

**शाहपुरा।** जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के निर्देशानुसार भाजपा शाहपुरा शहर मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा हनुमंत निवास बाग शाहपुरा में वीर बाल दिवस का आयोजन हुआ। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया सह प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता शाहपुरा शहर मंडल अध्यक्ष महेश मित्तल एवं मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान मंजू सैनी, विशिष्ट अतिथि राधेश्याम सैनी ने वीर बाल दिवस कार्यक्रम में धर्म की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले वीर बालकों के जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वीर बालकों के बलिदान से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

इस दौरान वीर बाल दिवस कार्यक्रम के संयोजक राजेश पलसानिया एवं सहसंयोजक राकेश दायमा का उपस्थित मंडल कार्यकर्ताओं के द्वारा साफा पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मंडल संयोजक जगदीश कुमावत एवं वीर बाल दिवस कार्यक्रम के संयोजक राजेश पलसानिया एवं सहसंयोजक राकेश दायमा ने आगंतुक अतिथियों का अभिनंदन किया।


### चौथे की बैठक

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है की हमारे पूजनीय **श्री ताराचंद जी भाटिया** (पुत्र स्वर्गीय श्री होतुराम जी बबला) का स्वर्गवास 25.12.2024 को हो गया है। चौथे की बैठक / उठाला (जनाना / मर्दाना) दिनांक 28.12.2024 (शनिवार) को प्रातः 8.30 से 9.00 बजे भाटिया भवन, राजापार्क, जयपुर में होगी।

**शोकाकुल-** सुषमा (चंचल) भाटिया (धर्मपत्नी), निखिल- रचना (पुत्र-पुत्रवधू) संजना- यश (पुत्री-दामाद) लक्ष्मणदास- विजय, नंदकिशोर - रीटा (भाई-भाभी), शिखा भाटिया (भाभी), शोभा- मुरलीधर (बहन-बहनोई), गुंजन- मिनी, विकसित, अंकित- दीपिका (भतीजा-वधु), उदय-अशिता (पौत्र-पौत्री)। ससुरालपक्ष- राजीव- शशि, कुसुम (सीतापुर) एवं समस्त भाटिया परिवार। फर्म- मधुरम पेपर प्राईवेट लिमिटेड-9414078322

### अंतिम अरदास

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी **शकुन्तला अरोडा** (Retd.RSEB) का देवलोकगमन 17/12/2024 को हो गया है। जिनकी अन्तिम अरदास 28/12/2024 को गुरुद्वारा हीरापथ मानसरोवर में 3 से 4 बजे होगी। शोकाकुल-वी.के अरोड़ा (पति-Retd.RBI), अमित- नीतू (पुत्र-पुत्रवधू), शैलिना- नीरज (पुत्री-दामाद), विनोद- नीरू, संजय- पूनम (देवर-देवरानी), ज्योति- महेश (ननंद-नंदोई), माया, नीना, विद्या (बहनें) एवं समस्त अरोड़ा, मल, वधवा, भाटिया परिवार, 9351363526, 9828021346

### आम सूचना/ खोया पाया

Date 26.12.2024

मेरे प्लॉट नं. 122, गणेश नगर, गणेश जी मन्दिर के पीछे, मोतीडूंगरी रोड, जयपुर के मूल कागजात/ उपहार डीड जो श्रीमती नीलम भाटिया पत्नी श्री राज कुमार भाटिया ने श्रीमती रेखा भाटिया पत्नी श्री कमल भाटिया को दी थी, वह कहीं गुम हो गई है। मिलने पर सूचित करें। अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में सूचित करें:- श्रीमती रेखा भाटिया पत्नी श्री कमल भाटिया, 839-ए, फ्रन्टीयर कॉलोनी, आदर्श नगर, जयपुर। मोबाईल:- 9414338848

### कार्यालय उपायुक्त मालवीय नगर जोन, नगर निगम ग्रेटर जयपुर

(नई विधानसभा के पास, लालकोठी, जयपुर)

क्रमांक:-एफ ()/न.नि.ज.ग्रेटर/मा.न.जोन/2024/ दिनांक :

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मूल भूखण्ड संख्या-19, पार्वति नगर, टोंक रोड, जयपुर, दी राजहंस गृह निर्माण सहकारी समिति का जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर के द्वारा श्री देवराज जिंदल पुत्र श्री प्यारेलाल को क्षेत्रफल 167.25 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। मूल आंवटी श्री देवराज जिंदल पुत्र श्री प्यारेलाल का दिनांक 05.07. 2022 को स्वर्गवास हो चुका है। मूल पट्टेधारी श्री देवराज जिंदल पुत्र श्री प्यारेलाल के द्वारा अपने जीवनकाल में दिनांक 23.06.2016 को अपने पुत्र श्री पंकज जिंदल पुत्र श्री देवराज जिंदल के पक्ष / हक में रजिस्टर्ड वसीयतनामा सम्पादित किया गया है। आवेदक पंकज जिंदल पुत्र श्री देवराज जिंदल के द्वारा भूखण्ड संख्या-19, पार्वति नगर, टोंक रोड, जयपुर, दी राजहंस गृह निर्माण सहकारी समिति का आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत किये गये दस्तावेजो, शपथ पत्र (अण्डरटेकिंग), रजिस्टर्ड पट्टा, रजिस्टर्ड वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण-पत्र एवं छायाप्रति के आधार पर नाम हस्तान्तरण चाहा गया। नगर निगम ग्रेटर जयपुर के द्वारा मूल भूखण्ड संख्या-19, पार्वति नगर, टोंक रोड, जयपुर, दी राजहंस गृह निर्माण सहकारी समिति का जयपुर का नाम हस्तान्तरण पंकज जिंदल पुत्र श्री देवराज जिंदल के पक्ष में किया जाना है। इस नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, मालवीय नगर जोन नगर निगम ग्रेटर) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित समयावधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

उपायुक्त, मालवीय नगर जोन नगर निगम ग्रेटर जयपुर

### सूचना

समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की विशेष आम सभा का आयोजन समिति कार्यालय दुकान नं.-16, हरिनगर, जयसिंहपुरा खोर जयपुर पर दिनांक 30.12.2024 को समय प्रातः 11.30 बजे आयोजित की जायेगी। जिसमें समिति का वर्ष 01.04.2018 से 31.03.2023 तक की ऑडिट रिपोर्टों पर और अन्य विचारणीय बिन्दुओं पर विचार विमर्श कर आक्षेपों की अनुपालना की कार्यवाही की जायेगी। अतः समस्त सदस्य पधारकर आमसभा की कार्यवाही सफल बनावे।

मंत्री/अध्यक्ष गुलाबी नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड जयपुर

### खोया पाया

मकान नंबर 263/753, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर का ORIGINAL CERTIFICATE FOR HANDING OVER OF THE HOUSE कही पर गिर / गुम गया है। मिलने पर सूचित करे। ISHWAR LALAS GPAH SHYAM DAS, मोबाईल नंबर : 8890674707

मेरे प्लाट नं- E/477 जे.डी.ए. की योजना कल्पना नगर जयपुर का जे.डी.ए. से जारी मूल आवंटन पत्र कही गुम हो गया है मिलने पर सूचित करे लक्षित कुमार गुप्ता मो. 8875555260

### नाम परिवर्तन

मैने अपना नाम तरुण कुमार से बदलकर तरुण कुमार मित्तल पुत्र स्व. श्री प्रताप चन्द मित्तल रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। निवास 7, विश्वकर्मा नगर 2, महारानी फार्म जयपुर

I amit D/O service no 15472923 F rank sow Late bhoop singh S/O patram resident of plot 59 tirupati vihar 5 niwaru road jhotwara jaipur that have changed my name from AMIT is wrong entered in service record To AMIT KUMARI (DOB 1/1/2001) vide affidavit dated 17 Dec. 2024 before district notary Jaipur

### राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक-5008 दिनांक-02/12/202

**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 251/59 (HIG), (एरिया 202.30 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री रमेश कुमार अग्रवाल पुत्र श्री बुलाब चन्द मित्तल को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 5759 दिनांक 21.02.2008 को जारी किया गया। श्री रमेश कुमार अग्रवाल के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 16.03.2008 को उप पंजीयक अष्टम, जयपुर के यहाँ पंजीकृत करवाये गये। श्री रमेश कुमार अग्रवाल द्वारा उक्त आवास को दिनांक 08.04.2011 के द्वारा श्री विजय कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री यशवत शर्मा एवं श्रीमती पुष्पा शर्मा पत्नी श्री विजय कुमार शर्मा को विक्रय कर उप पंजीयक चतुर्थ, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री विजय कुमार शर्मा एवं श्रीमती पुष्पा शर्मा के आवेदन पर कार्यालय आदेश क्रमांक 953 दिनांक 04.05.2011 द्वारा नाम